प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 03.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में एक समारोह में तैंतीस व्यक्तियों और संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा –राज्य सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ समाज के वंचित वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित।
- प्रदेश की सात सीटों पर विधानसभा उप चुनाव में विजयी हुए विधायकों को आज शपथ दिलाई जायेगी।
- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा – सरकार की बिजली कंपनियों के निजीकरण की कोई योजना नहीं।

000000

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में तैंतीस व्यक्तियों और संस्थाओं को दिव्यांगजन के सशक्तीकरण में असाधारण योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार दिव्यांगजन के जीवन को समृद्ध करने के लिए 16 परिवर्तनकारी उपायों का शुभारंभ करेंगे। इन उपायों में दिव्यांगों का समावेशन और उनके लिए नवाचार तथा प्रौद्योगिकी का उपयोग शामिल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी और गैर–सरकारी प्रतिनिधियों तथा विशेषज्ञों और विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाना है ताकि वे समाजिक परिवर्तन और समावेशी समाज के निर्माण में योगदान कर सकें। दिव्यांगजन दिवस पर प्रदेश में भी कई कार्यकम हो रहे है। राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में होगा। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा। जिलों में हो रहे कार्यक्रमों के तहत बाडमेर में गांधी चौक से जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इसके बाद भगवान महावीर टाऊन हॉल में ज़िला स्तरीय कार्यक्रम होगा। दिव्यांगजन के सशक्तीकरण में असाधारण योगदान के लिए बाड़मेर ज़िला कलेक्टर को आज राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

00000

जयपुर में 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पहले राज्य सरकार के 150 से अधिक अधिकारियों और 250 छात्र स्वयंसेवकों ने कल हुए ओरिएंटेशन प्रोग्राम में हिस्सा लिया। इन अधिकारियों और स्वयंसेवकों को समिट के लिए प्रोटोकॉल और संपर्क कार्य करने की जिम्मेदारी दी गयी है, ताकि इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन सफलतापूर्वक हो सके। ओरिएंटेशन प्रोग्राम के बारे में बताते हुए उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने कहा कि इस का उद्देश्य अधिकारियों और स्वयंसेवकों को उनसे जुड़े संबंधित कार्यों के बारे में जानकारी देना और इन्वेस्टमेंट समिट से पहले उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताना था।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ समाज के वंचित वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित होकर काम कर रही है। कल जयपुर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विभाग की ओर से विभिन्न वर्गों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों की मरम्मत का काम प्राथमिकता से चरणबद्ध रूप से कराने को भी कहा। श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले लाभार्थियों की पात्रता और उनसे जुड़े रिकॉर्ड का नियमित रूप से सत्यापन करें। बैठक में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत और मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

00000

लगभग दो हजार पूर्व सैनिकों को एनसीसी कैडेटस को प्रशिक्षण देने के लिए अकादमियों में नियुक्त किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार को दिए साक्षात्कार में राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने कहा कि अग्निवीर योजना में एनसीसी कैडेट उत्साह से भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी उन कैडेटस को प्रशिक्षण भी दे रही है जो सेना में शामिल होना चाहते हैं।

00000

प्रदेश की सात सीटों पर विधानसभा उप चुनाव में विजयी हुए विधायकों को आज शपथ दिलाई जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी उन्हें अपने कक्ष में शपथ दिलायेंगे। किसी विधायक के अनुपस्थित रहने पर उन्हें बाद में शपथ दिलाई जायेगी। गौरतलब है कि सात सीटों में से पांच सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजयी रहे थे। एक–एक सीट कांग्रेस और भारत आदिवासी पार्टी के खाते में गई थी।

00000

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने राज्य सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। जयपुर में हुई इस बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कार्यकाल के दौरान हुए महत्वपूर्ण कार्यो और योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने और आमजन को इनका फायदा पहुंचाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान रोडवेज और आयुर्वेद विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

00000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि सरकार की बिजली कंपनियों के निजीकरण की कोई योजना नहीं है। बिजली कंपनियों के कार्मिकों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की दीर्घकालिक ऊर्जा आवश्यकताओं के मद्देनजर बिजली कंपनियों ने देश के प्रमुख केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के साथ एमओयू किए हैं। उन्होंने कहा कि कार्मिकों का सहयोग लेकर ही राज्य सरकार प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र के कायाकल्प और मजबूती की दिशा में आगे बढ़ रही है। कल जयपुर में ओल्ड पावर हाउस में पहले शिशु पालना घर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से आ रहे निवेश में सर्वाधिक भागीदारी एनर्जी सेक्टर की है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जो भी एमओयू करेगी उनमें कार्मिकों के हितों का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

00000

हनुमानगढ़ जिले में नोहर–रावतसर मार्ग पर एक कार के अनियत्रित हो कर पेड़ से टकराने से कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले नोहर और फिर हरियाणा के सिरसा मेडिकल कॉलेज में रैफर किया गया। उधर चूरू जिले के कातर गांव के पास दो मोटरसाईकिलों की आमने–सामने की टक्कर में इन पर सवार दो लोगो की मौत हो गई औन तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को ईलाज के लिए बीकानेर रैफर किया गया। उधर भरतपुर के मडरपुर गांव में एक घर में चूल्हे के पास बैठकर खाना खा रहे एक ही परिवार के आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए। ये हादसा पेट्रोल की बोतल चूल्हे पर गिरने से लगी आग से हुआ। घायलों को आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से पांच लोगों को जयपुर रैफर किया गया है।

00000

पाली जिले की गोशालाओं में अब गोबर से लकड़ी बनाई जाएगी। इसके लिए गोपालन विभाग की ओर से गौशालाओं को अनुदान दिया जायेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढावा मिलेगा।

00000